कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), रामपुर।
14 एम0एल0डी0, एस0टी0पी0, घाटमपुर–रामपुर–244901

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
DIVISION OFFICE, U.P. JAL NIGAM (RURAL), RAMPUR.
14 MLD STP, GHATAMPUR, RAMPUR-244901
Email- executiveengineerrampur@gmail.com

**दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित ''बकाया भुगतान न होने पर ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन' खबर के सम्बन्ध में आख्या।**

दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 30.07.2026 एवं 31.07.2026 को प्रकाशित बकाया भुगतान न होने पर ठेकेदारों ने किया प्रदर्शन से संबंधित खबर प्रकाशित की गयी है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद रामपुर में फेस–3 के अन्तर्गत 130 ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु मुख्य कार्यदायी संस्था के रूप में मैसर्स एन०के०जी०–प्राईमस (जे०वी०) अनुबंधित थी, जिसके अधीन स्थानीय सब–वेंडरों द्वारा निर्माण कार्य कराये गये हैं। उक्त मुख्य एजेंसी द्वारा कार्यों में शिथिलता व अनियमितता बरतने के कारण विभाग द्वारा नियमसंगत कार्यवाही करते हुए जनपद रामपुर के कार्यों से डिस्कोप (Descope) कर फर्म को ब्लैकलिस्ट (Blacklist) किया गया है। योजनाओं के निर्माण कार्यों के वर्क ऑर्डर सीधे तौर पर फर्म एवं सब वेन्डरों के मध्य हुआ है। सब–वेन्डरों द्वारा कराये गये कार्यों का बकाया भुगतान करने का पूर्ण दायित्व मैसर्स एन०के०जी०–प्राईमस (जे०वी०) का ही है तथा विभाग स्तर से सब–वेंडरों को सीधे किसी भी प्रकार के भुगतान किए जाने का कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है।

उक्त के अतिरिक्त सब वेन्डरों के द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों का अवशेष भुगतान करने हेतु विभाग द्वारा फर्म मैसर्स एन0के0जी0–प्राईमस(जे0वी0) को समय–समय पर कड़े निर्देश जारी किये गये हैं।

(राम कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner